तापमान
अधिकतम 24 .9°c
न्यूनतम 17 .6°c

हरिभूमि
रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार 31 अक्टूबर 2026

10 संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम कर अस्थिरता...



11 एमडीयू की 207वीं शैक्षणिक परिषद की...





शहर में आज

- एमडीयू में इंटर क्रिकेट प्रतियोगिता सुबह 10 बजे
- पं. नेकीराम कॉलेज में इंटर फुटबॉल प्रतियोगिता सुबह 9 बजे
- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर सुबह 10 बजे

खबर संक्षेप

राजीव गांधी खेल परिसर से आज निकलेगी एकता दौड़

रोहतक। सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती पर शनिवार को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जाएगा। सुबह 6:30 बजे राजीव गांधी खेल परिसर में जिला स्तरीय एकता दौड़ आयोजित होगी।



प्रदेश के सहकारिता एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा झंडी दिखाकर दौड़ को रवाना करेंगे। उपायुक्त सतबीर सिंह ने बताया कि उपमंडल स्तर पर भी राष्ट्रीय एकता दिवस के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने अधिकारियों को कार्यक्रम की तैयारियां पूरी करने और जिम्मेदारियों का उचित ढंग से निर्वहन करने के निर्देश दिए।

पुरस्कारों के लिए 5 तक ऑनलाइन आवेदन

रोहतक। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को आगामी 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर राज्य स्तरीय पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए महिला एवं बाल विकास विभाग ने 5 नवंबर तक ऑनलाइन आवेदन मांगे हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी दीपिका सैनी ने बताया कि इच्छुक महिलाएं विभाग की वेबसाइट पर आवेदन कर सकती हैं। आवेदनों की जांच विभागीय कमेटी करेगी और पात्र महिलाओं का चयन किया जाएगा। पुरस्कारों में पांच लाख रुपये तक की राशि व प्रशस्ति पत्र मिलेंगे।

ऊंची दुकान मिलावटी पकवान

शहर की 12 नामचीन दुकानों की मिठाइयों के सैंपल फेल

- चार दुकानों के नमूने मिले सब स्टैंडर्ड
- बड़ा बाजार, मानसरोवर पार्क और शीला बाइपास क्षेत्र से लिए गए थे 40 सैंपल
- बिना पंजीकरण दुकानों के नमूने भी नहीं उतरे खरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक/महम

त्योहारों के दौरान मिठाइयों और अन्य खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से की गई जांच में शहर की 12 नामचीन दुकानों के पकवान मिलावटी मिले हैं। यानी हम खराब मिठाई खा रहे हैं। शहर के बड़ा बाजार, मानसरोवर पार्क के पास और शीला बाइपास सहित अन्य क्षेत्रों से लिए गए करीब 40 खाद्य पदार्थों के नमूनों में 12 की जांच रिपोर्ट में गड़बड़ी सामने आई है। इनमें चार नमूने सब स्टैंडर्ड यानी निर्धारित गुणवत्ता मानकों से कम पाए गए हैं।

वहीं, चार अन्य नमूने भी निर्धारित मानकों पर खरे नहीं उतरे। इसके अलावा बिना पंजीकरण के संचालित दुकानों से लिए गए चार नमूनों में भी खामियां मिली हैं। विभाग ने अब संबंधित दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। वहीं खाद्य सुरक्षा विभाग की जांच रिपोर्ट सामने आने के बाद उन दुकानों पर कार्रवाई की तलवार लटक गई है, जहां से ये नमूने लिए गए थे।



महम में भी 20 खाद्य पदार्थों के नमूने लिए

खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने शुक्रवार को महम क्षेत्र में भी मिठाई और अन्य खाद्य पदार्थों की दुकानों पर जांच अभियान चलाया। इस दौरान रसगुल्ले, गुलाब जामुन, बर्फी, पेड़ा, पनीर और दूध सहित विभिन्न खाद्य पदार्थों के कुल 20 नमूने एकत्रित किए गए। इन नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा, ताकि उनकी गुणवत्ता और शुद्धता का पता लगाया जा सके। इस अभियान में डेजिग्नेटेड ऑफिसर डॉ. योगेश कादयान, खाद्य सुरक्षा अधिकारी लक्ष्मी नरवाल और संदीप कुमार सहित विभागीय टीम के सदस्य मौजूद रहे।

आमजन यह बरते सावधानी

- हमेशा साफ-सुथरी और पंजीकृत दुकानों से ही मिठाई खरीदें।
- दुकानदार से खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता और बिल जरूर मांगें।
- खुली और बिना ढकी मिठाइयां खरीदने से बचें।
- मिठाई का रंग अधिक चमकीला या असामान्य दिखें तो न खरीदें।
- पैक मिठाइयों पर निर्माण और एक्सपायरी तिथि जरूर जांचें।
- खराब गंध, स्वाद या रंग में बदलाव होने पर मिठाई का सेवन न करें।

दुकानदारों में हड़कंप

खाद्य सुरक्षा विभाग की इस कार्रवाई से मिलावट और घटिया गुणवत्ता वाले खाद्य पदार्थ बेचने वाले दुकानदारों में हड़कंप मचा हुआ है। विभाग का कहना है कि जांच रिपोर्ट के आधार पर संबंधित दुकानदारों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। वहीं, महम में लिए गए 20 नमूनों की रिपोर्ट आने के बाद स्थिति और स्पष्ट होगी।

अब शराब की बोतल की भी खुलेगी जन्मकुंडली

कहां बनी और कहां बिकी सब दर्ज होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

शराब की बोतल अब सिर्फ ब्रांड और कीमत से नहीं पहचानी जाएगी, उसकी अपनी डिजिटल पहचान भी होगी। हरियाणा में देसी शराब और इंडियन मेड फॉरेन लिकर(आईएमएफएल) की बोतलों पर क्यूआर कोड लगाने शुरू कर दिए गए हैं। आबकारी विभाग की 'ट्रैक एंड ट्रेस' प्रणाली में बोतल की डिस्टिलरी से लेकर ठेके तक की यात्रा दर्ज होगी। यानी बोतल कहां बनी, किस गोदाम में पहुंची, किस ठेके को भेजी गई और बिक्री के बाद कितना स्टॉक बचा, इन सबका हिसाब रखा जा सकेगा। अब शराब की खेप में बोतलें कम हुईं तो यह कहकर बात नहीं टाली जा सकेगी कि रास्ते में पता नहीं कहां रह गईं।

- खरीदने वालों का नाम पता नहीं चलेगा

500 बोतलें चलीं, 480 पहुंचीं तो बाकी 20 कहां गईं: इस व्यवस्था में शराब की आवाजाही का हिसाब महत्वपूर्ण होगा। मसलन, डिस्टिलरी से एल-1 गोदाम के लिए 500 बोतलें भेजी गईं, लेकिन वहां 480 ही पहुंचीं। ऐसे में रिकॉर्ड में 20 बोतलों का अंतर दर्ज होगा। सवाल उठेगा कि ये बोतलें रास्ते में कहां गईं। इसी तरह गोदाम से ठेके तक भेजे गए स्टॉक का भी मिलान किया जा सकेगा। क्यूआर कोड से किसी संदिग्ध बोतल के निर्माण और सप्लाई के स्रोत का पता लगाने में मदद मिलेगी।



बोतल की पहचान से लेकर बिक्री तक डिजिटल रिकॉर्ड



डीईटीसी संगीता डबास के अनुसार, क्यूआर कोड से शराब की बोतल के निर्माण से लेकर सप्लाई और बिक्री तक का रिकॉर्ड डिजिटल रूप से उपलब्ध रहेगा। डिस्टिलरी से एल-1 गोदाम और फिर खुदरा ठेके तक भेजे गए स्टॉक का मिलान किया जा सकेगा। इससे नकली शराब, अवैध सप्लाई और स्टॉक में गड़बड़ी पर निगरानी रखने में मदद मिलेगी।

कोविड में गायब हुई शराब का हिसाब बना था बड़ा सवाल

कोविड लॉकडाउन के दौरान 2020 में हरियाणा में शराब की तस्करी, अवैध बिक्री और सरकारी गोदामों से शराब गायब होने के मामले सामने आए थे। सोनीपत के खरखौदा में अस्थायी गोदाम से जब्त शराब की खेप गायब मिलने के बाद विशेष जांच दल (एसईटी) बनाया गया था।

पीएनजी कनेक्शन है तो एलपीजी की सप्लाई रुकेगी

- कनेक्शन सरेंडर या ट्रांसफर वाउचर का विकल्प पीएनजी रहते नहीं मिलेगी एलपीजी रिफिल
- दूसरे शहर में फिर मिल सकेगा कनेक्शन पश्चिम एशिया संकट के बाद बदले नियम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

शहर में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) का कनेक्शन होने के बावजूद जिन परिवारों ने एलपीजी कनेक्शन सरेंडर नहीं किया है, उन्हें स्थायी रूप से कनेक्शन खोने की चिंता करने की जरूरत नहीं है। नियमों के तहत ऐसे उपभोक्ताओं की एलपीजी रिफिल सप्लाई रोकी जा सकती है, लेकिन भविष्य में ऐसे शहर में जाने पर, जहां पीएनजी की सुविधा उपलब्ध नहीं है, एलपीजी कनेक्शन बहाल कराने का विकल्प रहेगा। इसके लिए ट्रांसफर वाउचर की व्यवस्था की गई है। ध्यान रहे कि रोहतक शहर में 14 हजार के करीब पीएनजी कनेक्शन हैं। ईरान और अमेरिका के बीच संघर्ष के दौरान एलपीजी की उपलब्धता को लेकर चिंता बढ़ी थी। इसके बाद सरकार ने पीएनजी कनेक्शन वाले परिवारों से एलपीजी कनेक्शन सरेंडर करने को कहा था, ताकि जिन परिवारों के पास पाइप से गैस की सुविधा नहीं है, उन्हें सिलेंडर की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। केंद्र सरकार ने 25 मई 2026 को नियमों में संशोधन कर उपभोक्ताओं के लिए विकल्प स्पष्ट किए। पीएनजी कनेक्शन लेने के 30 दिन के भीतर एलपीजी कनेक्शन समाप्त कराने के लिए आवेदन किया जा सकता है। उपभोक्ता ट्रांसफर वाउचर का विकल्प भी चुन सकते हैं, जिससे भविष्य में पीएनजी सुविधा से वंचित क्षेत्र में जाने पर एलपीजी कनेक्शन बहाल कराया जा सकेगा। नियमों के अनुसार, पीएनजी कनेक्शन वाले परिवार घरेलू एलपीजी सिलेंडर की रिफिल नहीं ले सकते। ऐसे उपभोक्ताओं की सप्लाई तेल कंपनियां रोक सकती हैं। इसलिए उपभोक्ताओं को अपने कनेक्शन की स्थिति और उपलब्ध विकल्पों के बारे में संबंधित गैस वितरक से जानकारी लेनी चाहिए।

- शहर में हैं तकरीबन 14 हजार पीएनजी कनेक्शन

शहर बदलने पर मिलेगी राहत

नौकरी, पढ़ाई या अन्य कारणों से दूसरे शहर में जाने वाले परिवारों के लिए ट्रांसफर वाउचर उपयोगी हो सकता है। यदि नए शहर में पीएनजी उपलब्ध नहीं है, तो इसके माध्यम से एलपीजी कनेक्शन बहाल कराने का विकल्प रहेगा। इस तरह सप्लाई रुकने और कनेक्शन स्थायी रूप से समाप्त होने के बीच अंतर समझना जरूरी है।

पुलिस से आगे स्नेचर : अब डी पार्क पर महिला के गले से 17 ग्राम की चेन झपटी

रोहतक। शहर में झपटमारों के हौसले बुलंद हैं। वे पुलिस से एक कदम आगे चल रहे हैं। पुलिस के वारदातों पर रोक लगाने के तमाम प्रयास विफल हो रहे है। गुरुवार देर शाम खरीदारी के लिए घर से निकली महिला को बाइक सवार दो युवकों ने निशाना बना लिया। डी-पार्क के पास आरोपियों ने महिला के गले से 17 ग्राम सोने की चेन झपटी और बाइक पर फरार हो गए। राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। बताया जा रहा है कि सेक्टर-2 निवासी पूनम रात करीब नौ बजे डी-पार्क के पास खरीदारी करने के लिए गई थी। इसी दौरान बाइक पर सवार दो युवक वहां पहुंचे और उसके गले पर झपट्टा मारकर चेन तोड़ भाग निकले। पूनम ने बताया कि उसने करीब दो साल पहले सोने की 17 ग्राम की चेन बनवाई थी। झपटमार उसी चेन को लेकर फरार हो गए। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और महिला से वारदात की जानकारी ली। पुलिस ने आरोपियों तक पहुंचने के लिए घटनास्थल और आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि दोनों युवक किस दिशा से आए थे और वारदात के बाद किस रास्ते से फरार हुए।

मोबाइल हैंग होते ही खाते से उड़ गए तीन लाख रुपये

रोहतक। मोबाइल फोन का अचानक हैंग होना एक व्यक्ति को तीन लाख रुपये का चूना लगा गया। बड़े बाजार निवासी राहुल का मोबाइल अचानक काम करना बंद हो गया। कुछ समय बाद जब उसे अपने बैंक खाते से रकम निकलने का पता चला तो उसके होश उड़ गए। साइबर ठगों ने उसके खाते से करीब तीन लाख रुपये निकाल लिए। पीड़ित की शिकायत पर साइबर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बड़े बाजार निवासी राहुल के मोबाइल फोन में अचानक तकनीकी दिक्कत आने लगी और फोन हैंग हो गया। इस दौरान वह मोबाइल का इस्तेमाल नहीं कर पा रहा था। इसी बीच उसके बैंक खाते से करीब तीन लाख रुपये की रकम निकल गई। खाते से इतनी बड़ी रकम निकलने की जानकारी मिलने पर उसने मामले की शिकायत पुलिस को दी। साइबर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि मोबाइल हैंग होने के दौरान ठगों ने किस तरीके से बैंक खाते तक पहुंच बनाई और रकम किन खातों में ट्रांसफर की गई। मामले में बैंक लेन-देन और तकनीकी साक्ष्यों की जांच की जा रही है।

- बड़ा बाजार निवासी राहुल हुआ साइबर ठगी का शिकार

साइबर ठगी होते ही 1930 पर करें शिकायत, बैंक खाते किराये पर देने से बचें : पुलिस

रोहतक। जिला पुलिस का साइबर जागरूकता अभियान लगातार जारी है। अक्टूबर माह को राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह के रूप में मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में अभियान के 15वें दिन हिसार रोड स्थित मॉडल संस्कृति स्कूल में विद्यार्थियों और आमजन को साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी दी गई। थाना साइबर क्राइम से सहायक उपनिरीक्षक सतीश और नशा मुक्ति टीम प्रभारी एएसआई मोहन ने बताया कि किसी भी अनजान व्यक्ति को अपना बैंक खाता इस्तेमाल करने के लिए न दें। साइबर ठगी होने पर बिना देरी किए हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत करें।

चोरी का आरोपी गिरफ्तार, सामान बरामद

रोहतक। महम के वार्ड नंबर 10 स्थित मकान से नकदी और आभूषण चोरी करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान पानीपत के गांव लाखुबुआना निवासी अशोक के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरीशुदा सामान भी बरामद किया है। पुलिस प्रवक्ता मनीष ने बताया कि वार्ड नंबर 10 निवासी साहिल की शिकायत पर थाना महम में मामला दर्ज किया गया था। शिकायत के अनुसार, 22 जुलाई को साहिल अपनी दादी के साथ रोहतक मेडिकल गया था। 9 अगस्त को वापस लौटने पर मकान से रुपये और आभूषण गायब मिले। इसके बाद पुलिस को शिकायत दी गई। मामले की जांच मुख्य सिपाही नरेश ने की। जांच के दौरान 29 अक्टूबर को आरोपी अशोक को गिरफ्तार कर चोरीशुदा सामान बरामद किया गया। आरोपी को अदालत में पेश किया गया है। पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है।

रोहतक के 68,269 किसानों के खातों में पहुंचे 13.65 करोड़

रोहतक। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 24वीं किस्त के तहत जिले के 68,269 किसानों के बैंक खातों में शुक्रवार को 13 करोड़ 65 लाख 38 हजार रुपये की राशि हस्तांतरित की गई है। सांपला मार्केट कमेटी के चेयरमैन उदयभान मलिक ने कृषि विज्ञान केंद्र में आयोजित किसान उत्सव दिवस कार्यक्रम में यह जानकारी दी। कार्यक्रम में जिले के तकरीबन 200 किसानों ने भाग लिया। मलिक ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत पात्र किसान परिवारों को प्रतिवर्ष 6,000 रुपये की आर्थिक सहायता तीन किस्तों में सीधे बैंक खातों में दी जाती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को गुजरात के बनासकांठा से योजना की 24वीं किस्त जारी की।

ई-केवाईसी करवाना जरूरी

उप कृषि निदेशक डॉ. सुरेंद्र सिंह ने किसानों को योजना की पात्रता शर्तों की जानकारी दी। पति, पत्नी और नाबालिग बच्चों को एक किसान परिवार माना जाता है। आयकरदाता, निर्धारित सरकारी पदों पर आसीन व्यक्ति, सरकारी अधिकारी-कर्मचारी और कुछ अन्य श्रेणियां योजना के लिए अपात्र हैं। भूमि परीक्षण अधिकारी अनिल अहलावत ने किसानों से ई-केवाईसी और किसान पहचान संबंधी औपचारिकताएं समय पर पूरी करवाने की अपील की।

पहरावर में बनेगी निगम की आधुनिक गोशाला

- निगम हाउस की मीटिंग में पार्षद प्रवीन कौशिक ने रखा था एजेंडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पुरानी गोशाला की 5 सदस्यीय कमेटी रखेगी निगरानी



पहरावर में पहले से संचालित गोशाला की व्यवस्था पर नजर रखने के लिए पांच सदस्यीय कमेटी गठित की जाएगी। कमेटी समय-समय पर गोशाला का निरीक्षण करेगी और वहां गोवंश के लिए उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं का जायजा लेगी। इसमें चारे, पानी, साफ-सफाई और गोवंश की देखभाल जैसी व्यवस्थाओं को जांच के दायरे में रखा जाएगा। कमेटी यह भी देखेगी कि गोशाला का संचालन निर्धारित शर्तों के अनुसार किया जा रहा है या नहीं। बता दें कि इस गोशाला में ढाई हजार से अधिक गोवंश है।

गोवंश को सुरक्षित आश्रय मिले इसके लिए नगर निगम ने व्यवस्था को दुरुस्त करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। पहरावर में नगर निगम की ओर से आधुनिक गोशाला बनाई जाएगी। इसमें गोवंश के लिए सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध करवाने का प्रावधान रहेगा।

इसके साथ ही पहरावर में पहले से संचालित गोशाला की कार्यप्रणाली पर भी निगरानी रखी जाएगी, ताकि वहां गोवंश की देखभाल में किसी तरह की लापरवाही न हो। निगम की तरफ से जांच कमेटी गठित करने के लिए कार्यवाही शुरू कर दी गई है। नगर निगम हाउस की हाल ही में हुई बैठक में वार्ड पार्षद प्रवीन कौशिक ने यह एजेंडा रखा था। उन्होंने शहर में बेसहारा गोवंश की समस्या उठाते हुए कहा था कि सड़कों पर घूमने वाले गोवंश को पर्याप्त चारा नहीं मिल रहा है। पहरावर गोशाला में भी गायों की उचित देखभाल नहीं होने का मुद्दा उठाया था।

कमी मिलने पर टेंडर रद्द होगा

पार्षद प्रवीन कौशिक ने स्पष्ट किया था कि गोशाला संचालन का जिम्मा लेने वाली एजेंसी की जवाबदेही तय होनी चाहिए। केवल गोवंश को गोशाला में पहुंचा देना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि वहां उनके रहने, खाने और उपचार की उचित व्यवस्था भी होनी चाहिए। यदि गोशाला संचालन में गंभीर खामियां मिलती हैं तो जांच कमेटी संबंधित एजेंसी का टेंडर रद्द करने की सिफारिश करेगी।

59 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने के बाद पिता को याद कर भावुक हुईं

मनीषा ने फिट होने के लिए शुरू की कुश्ती, अब विश्व चैंपियन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

भारतीय महिला पहलवान मनीषा भानवाला ने कजाकिस्तान के अस्ताना में आयोजित विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के 59 किलोग्राम भारवर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर भारतीय खेल इतिहास में एक नया स्वर्णिम अध्याय जोड़ दिया है। इसके साथ ही वह विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतने वाली देश की पहली महिला पहलवान बन गई हैं। हरियाणा कुश्ती संघ के अध्यक्ष रमेश और कोच मनदीप ने विजेता खिलाड़ी को बधाई दी। उन्होंने बताया कि इससे पहले मनीषा ने देश व प्रदेश का नाम रोशन किया। उन्होंने आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।



ये रहीं उपलब्धियां

2016 साउथ एशियन में स्वर्ण पदक, 2017 कॉमनवेल्थ गेम में कांस्य, 2022 वर्ल्ड रैंकिंग में स्वर्ण, 2023 वर्ल्ड रैंकिंग में कांस्य, 2025 में सीनियर एशियन चैंपियनशिप में चैंपियन, फरवरी 2026 में रैंकिंग सीरीज में स्वर्ण पदक जीते।

पिता की मौत के बाद भी नहीं डगमगाया हौसला

मनीषा ने अपनी इस अभूतपूर्व सफलता पर बात करते हुए बताया कि उन्होंने शुरुआत में केवल शारीरिक फिटनेस के लिए कुश्ती के अखाड़े में कदम रखा था, जो बाद में उनका जुनून बन गया। उन्होंने अपनी जिंदगी के सबसे कठिन दौर को याद करते हुए बताया कि वर्ष 2022 में जब वह सीनियर एशियन गेम्स में भाग लेने के लिए रवाना हो रही थीं, उसी दिन उनके पिता सुरेश का अचानक निधन हो गया था। उस शाम उड़ान भरते समय वह अत्यधिक दुखी थीं, लेकिन विपरीत परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया। छोटूराम स्टेडियम में कोच मनदीप के पास अभ्यास करती हूं और सन सिटी में रहती हूं। उन्होंने बताया कि आउट स्टैंडिंग स्पोर्ट्स पर्सन (ओएसपी) से रोहतक में जूनियर कोच हूं।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कांग्रेस पर साधा निशाना, कहा- भ्रामक प्रचार कर रहे राहुल गांधी

संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम कर अस्थिरता पैदा कर रहा विपक्षः डॉ. गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि राहुल गांधी और विपक्षी गठबंधन के नेता झूठ और भ्रामक प्रचार के जरिए देश में अराजकता एवं अस्थिरता का माहौल पैदा करने का प्रयास कर रहे हैं। चुनाव आयोग और सुप्रीम कोर्ट जैसी संवैधानिक संस्थाओं तथा देश की सेना पर सवाल उठाकर जनता का विश्वास कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। शुक्रवार को रोहतक स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय 'मंगल-कमल' में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए डॉ. गुप्ता ने कहा कि विपक्षी नेता हर रोज एक नया झूठ लेकर जनता के बीच पहुंच रहे हैं। गुप्ता ने बताया कि 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के तहत हरियाणा में पदयात्राओं का आयोजन किया जा रहा है। 1 नवंबर को हरियाणा दिवस के अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन रोहतक में पदयात्रा में शामिल होंगे। यह पदयात्रा जाट शैक्षणिक संस्था से शुरू होकर डी-पार्क स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर संपन्न होगी। इसी दिन पूर्व केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान फरीदाबाद में पदयात्रा में शामिल होंगे, जबकि 5 नवंबर को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह करनाल में पदयात्रा में शामिल होंगे। इसके बाद दोपहर 2 बजे अमित शाह अंबाला में 1857 की क्रांति के अनगिनत गुमनाम नायकों के बलिदान और संघर्ष को समर्पित शहीदी स्मारक का लोकार्पण करेंगे।


रोहतक। पत्रकारों से बातचीत करते भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता।

क्या दिल्ली रोड पर भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नवीन भी खाएंगे हिचकोले?

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन एक नवंबर को रोहतक में होने वाली पदयात्रा में शामिल होंगे। इस दौरान उन्हें दिल्ली रोड से ही गुजरना होगा। दिल्ली रोड पर बाबा मस्तनाथ मठ के बाहर सड़क निर्माण का काम लंबे समय से अधूरा पड़ा है। सड़क पर गड्ढे बने हुए हैं। इन गड्ढों में नितिन नवीन को हिचकोले खाने होंगे या प्रशासन कोई कदम उठाएगा यह देखने वाली बात होगी। दिल्ली रोड शहर के प्रमुख मार्गों में शामिल है, जहां दिनभर हजारों वाहनों की आवाजाही रहती है। लेकिन सड़क कई सालों से बदहाल पड़ी है। इसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। सड़क पर गड्ढे हैं और वाहनों की आवाजाही के साथ धूल के गुबार उठते हैं। राहगीरों को हिचकोले खाने पड़ रहे हैं तो दुकानदारों और आसपास के लोगों को धूल से जूझना पड़ रहा है।

ये शामिल होंगे पदयात्रा में

रोहतक की पदयात्रा में प्रदेश प्रभारी स्मृति ईरानी, सह-प्रभारी डॉ. भोला सिंह व वरिष्ठ नेता एवं पदाधिकारी शामिल होंगे। 9 नवंबर से प्रदेशभर में पदयात्राओं का सिलसिला फिर शुरू होगा। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री सत्यप्रकाश जरावता, चेयरमैन अमरपाल राणा, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी शमशेर खरक और जिला मीडिया प्रभारी पंकज भारद्वाज उपस्थित रहे।

एसआईआर पर झूठ बोल रहे

डॉ. गुप्ता ने कहा कि एसआईआर पर विपक्ष जनता को गुमराह कर रहा है। चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि एसआईआर की प्रक्रिया पूर्ण सहमति से शुरू की गई थी। इसके बावजूद कांग्रेस संवैधानिक संस्थाओं के प्रति अविश्वास पैदा करने का प्रयास कर रही है। लोकतंत्र में असहमति और विरोध का अधिकार सभी को है, लेकिन झूठ और भ्रम फैलाना उचित नहीं है।



ऐतिहासिक होगी 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा : ग्रोवर

रोहतक। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं हरियाणा सरकार के पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने शुक्रवार को दिल्ली रोड स्थित अपने कैंप कार्यालय में 1 नवंबर को रोहतक में आयोजित होने वाली भाजपा की 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा की तैयारियों को लेकर बैठक की। इस दौरान पदयात्रा को सफल बनाने के लिए संगठनात्मक तैयारियों, कार्यकर्ताओं की भागीदारी और कार्यक्रम की व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने कहा कि 1 नवंबर को रोहतक में होने वाली पदयात्रा ऐतिहासिक होगी। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नवीन के आगमन से कार्यकर्ताओं में नया उत्साह और ऊर्जा का संचार होगा। यह पदयात्रा लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा, जनजागरण और राष्ट्रहित के संकल्प को मजबूत करने की दिशा में एक मिसाल बनेगी।कार्यकर्ताओं को मार्केट कमेटी के अध्यक्ष अशोक चौधरी, पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व पार्षद अशोक खुराना ने भी संबोधित किया। मंच संचालन मनोज माकड़ ने किया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष मनीष शर्मा, मंडल अध्यक्ष अमित मग्गू, मंडल अध्यक्ष रॉकी सहगल, चैयरमेन नीरज यादव, चैयरमेन हरीश कौशिक, पवन आहूजा, हिमांशु ग्रोवर, पवन भाटिया, रमेश अत्रि, डिंपल जैन, दीपू नागपाल, पंकज नांदल सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

न्यूज डायरी



रक्तदान शिविरों का आंकड़ा पहुंचा 600 के पार

रोहतक। आंबेडकर चौक स्थित देशभक्ति स्मारक स्थल पर राष्ट्र देवो भव मिशन की ओर से रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। मिशन के अध्यक्ष संत बाबा सुखा शाह महाराज ने बताया कि संस्था लंबे समय से रक्तदान शिविर लगाकर जरूरतमंद मरीजों की मदद कर रही है। अब तक मिशन की ओर से आयोजित शिविरों की संख्या 600 के पार पहुंच चुकी है। कार्यक्रम में मार्केट कमेटी के चेयरमैन अशोक चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। नई फल एवं सब्जी मंडी के प्रधान साहिल मग्गू और प्रसिद्ध समाजसेवी संदीप बब्बर विशिष्ट अतिथि रहे। अशोक चौधरी ने मिशन के प्रयासों की सराहना करते हुए लोगों से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करने की अपील की। साहिल मग्गू ने कहा कि रक्तदान महादान है, क्योंकि रक्त का निर्माण किसी फैक्ट्री में नहीं हो सकता। इस दौरान अतिथियों ने रक्तदाताओं को हेलमेट देकर सम्मानित किया। मौके पर रवि कुकरेजा, राजेंद्र शर्मा, संजय सिक्का, मनप्रीत सिंह, गुरबचन सिंह, सुभाष गोगिया और अश्वनी वशिष्ठ व अन्य मौजूद रहे।



बराही रोड पर राणा अस्पताल का लगा स्वास्थ्य शिविर

रोहतक। बराही रोड स्थित एक प्रॉपर्टी कार्यालय में राणा अस्पताल के तत्वावधान में एक विशाल निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के 187 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। शिविर का संचालन राणा अस्पताल के अनुभवी चिकित्सक डॉ. नम्रता, डॉ. एकता, डॉ. शोरबनी, डॉ. मोहित ढांढा, डॉ. सागर और डॉ. प्रिंस की देखरेख में हुआ। इस दौरान मरीजों को अस्पताल के निदेशक मोहित मलिका व शिवम शेदा की ओर से निशुल्क दवाइयां वितरित की गईं, जिसमें तरुण दलाल ने सहयोग किया। नर्सिंग सेवाएं सीमा, रेखा, प्राची और प्रियंका ने प्रदान कीं। इस अवसर पर वार्ड नंबर एक के भावी पार्षद रमेश, उनकी टीम और निदेशक शिवम शेदा ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण व जरूरतमंद लोगों को घर-द्वार पर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है।



लंबित शिकायतों का तुरंत निपटारा करें अधिकारी

रोहतक। सीएम विंडो, एसएमजीटी और समाधान शिविरों की लंबित शिकायतों के निपटारे में देरी पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई हो सकती है। उपायुक्त सतबीर सिंह ने अधिकारियों को ओवरड्यू शिकायतों का प्राथमिकता से समाधान करने के निर्देश दिए। लापरवाही मिलने पर सरकार को कार्रवाई की सिफारिश की जाएगी। उन्होंने पोर्टल पर अपलोड होने वाली कार्रवाई रिपोर्ट (एटीआर) की गुणवत्ता सुधारने और शिकायतों का स्थायी समाधान सुनिश्चित करने को कहा। हरियाणा समाधान प्रकोष्ठ की समीक्षा बैठक में सीएम विंडो की लंबित शिकायतों की स्थिति जांची गई। उपायुक्त ने कहा कि केवल औपचारिक जवाब अपलोड करना पर्याप्त नहीं है। अधिकारी शिकायत की प्रकृति के अनुसार कार्रवाई करें और एटीआर में उसका स्पष्ट ब्योरा दें। बैठक में एएसपी वैसाख बग्गी, एसडीएम आशीष कुमार और अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

सेक्टरों में मकानों के बाहर बने रैंप पर चलेगा एचएसवीपी का पीला पंजा

- ग्रीन बेल्ट के साथ लगती सड़कों पर अतिक्रमण कर बनाए गए रैंप हटाने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर के सेक्टरों में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करके मकानों के बाहर बनाए गए रैंप अब लोगों के लिए परेशानी का कारण बनने वाले हैं। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) ने ऐसे अतिक्रमण हटाने की तैयारी शुरू कर दी है। खासतौर पर ग्रीन बेल्ट के साथ लगती सड़कों पर बने मकानों के बाहर बनाए गए रैंप विभाग के निशाने पर हैं। अधिकारियों के अनुसार, इन रैंप को हटाने के लिए जल्द ही अभियान चलाया जाएगा। फिलहाल संबंधित मकान मालिकों को नोटिस देने की प्रक्रिया जारी रहेगी।

विभाग की ओर से अतिक्रमण करने वाले मकान मालिकों को नोटिस जारी कर एक सप्ताह का समय दिया जाएगा। इस अवधि में उन्हें अपने स्तर पर सड़क और सरकारी जमीन पर बनाए गए रैंप हटाने होंगे। यदि निर्धारित समय के भीतर अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो एचएसवीपी की टीम मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करेगी और पीले पंजे की मदद से अवैध निर्माण हटाए जाएंगे। सेक्टरों में ग्रीन बेल्ट के साथ लगती सड़कों पर कई मकान मालिकों ने अपने घरों के बाहर रैंप बना रखे हैं। इन रैंप के कारण सड़क और सार्वजनिक जगह का इस्तेमाल निजी सुविधा के लिए किया जा रहा है। इससे न केवल सरकारी जमीन पर अतिक्रमण बढ़ रहा है, बल्कि सड़क की उपलब्ध चौड़ाई भी प्रभावित होती है।

नोटिस के बाद भी राहत नहीं तो कार्रवाई

एचएसवीपी की योजना है कि पहले मकान मालिकों को नोटिस देकर स्वयं अतिक्रमण हटाने का अवसर दिया जाए। इसके लिए एक सप्ताह की समय सीमा निर्धारित की जाएगी। विभाग का मानना है कि लोगों को पर्याप्त समय मिलने के बाद भी यदि रैंप नहीं हटाए जाते हैं तो फिर कार्रवाई करने में देरी नहीं की जाएगी। ऐसे मामलों में विभागीय टीम मौके पर जाकर अतिक्रमण हटाएगी।

नहीं इस्तेमाल कर सकते सरकारी जमीन

विभाग की कार्रवाई का उद्देश्य सेक्टरों में सार्वजनिक स्थानों को अतिक्रमण मुक्त करना है। मकानों के बाहर सड़क या ग्रीन बेल्ट से लगती सरकारी जमीन पर निजी सुविधा के लिए रैंप बनाना नियमों के अनुरूप नहीं है। ऐसे में अब सेक्टरवासियों को अपने मकानों के बाहर किए गए निर्माण की जांच करनी होगी। नोटिस मिलने के बाद रैंप नहीं हटाने वाले मकान मालिकों को विभागीय कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है।



नांदल के किसानों ने पराली न जलाने की शपथ ली

रोहतक। गांव नान्दल में ग्राम पंचायत ने किसानों को फसल अवशेष न जलाने के प्रति जागरूक किया। सरपंच जयप्रकाश की अध्यक्षता में आयोजित अभियान में किसानों को पराली जलाने से होने वाले नुकसान बताए गए और अंत में इसे न जलाने की शपथ दिलाई गई। मुख्य अतिथि पंजाब एंड सिंध बैंक दिल्ली मुख्यालय के सतर्कता जागरूकता अधिकारी लोकेश धीमान, लाखनमाजरा शाखा प्रबंधक सोमवीर भनवाला ने अभियान में भाग लिया। सरपंच जयप्रकाश ने कहा कि पराली जलाने से हानिकारक गैसें और महीन कण हवा में घुलते हैं। इससे वायु प्रदूषण बढ़ता है और लोगों को सांस लेने में परेशानी होती है। डॉ. दहिया ने कहा कि आग लगाने से मिट्टी के लाभकारी सूक्ष्मजीव और केंचुए नष्ट होते हैं, जिससे उसकी उर्वरता प्रभावित होती है। कार्यक्रम में बैंक की ओर से सतर्कता जागरूकता सप्ताह भी मनाया गया। लोकेश धीमान ने ग्रामीणों को मोबाइल पर आने वाले फर्जी संदेशों और लालच भरे फोन से सावधान रहने की सलाह दी।



महिला टेबल टेनिस में जीसीडब्ल्यू रोहतक चैंपियन

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के खेल परिसर में आयोजित अंतर महाविद्यालय महिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता (सत्र 2026-27) का शुक्रवार को रोमांचक मुकाबलों के साथ समापन हुआ। फाइनल मुकाबले में जीसीडब्ल्यू रोहतक ने एमकेजेके रोहतक को हराकर खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता में तीसरे स्थान के लिए हुए मुकाबले में टीका राम गर्ल्स कॉलेज, सोनीपत ने यूटीटी, एमडीयू को पराजित किया। इस प्रकार जीसीडब्ल्यू रोहतक प्रथम, एमकेजेके रोहतक द्वितीय, टीका राम गर्ल्स कॉलेज सोनीपत तृतीय तथा यूटीडी, एमडीयू रोहतक चौथे स्थान पर रहा। इस अवसर पर एमडीयू के खेल निदेशक कुलताज सिंह ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को बधाई दी। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में सहायक खेल निदेशक डॉ. तेजपाल, डॉ. विपिन, मनीष सिंह, विजय कुमार, डॉ. बसंत, डॉ. चंद्रशेखर, परमिंदर और अशोक कुमार सहित खेल अधिकारी उपस्थित रहे।



एमडीयू के सीएमबीटी में मनाई दीपावली

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के सेंटर फॉर मेडिकल बायोटेक्नोलॉजी (सीएमबीटी) में दीपावली का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति और परंपराओं की झलक प्रस्तुत की। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यार्थियों की संगीत, नृत्य एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुआ। सेंटर के निदेशक डॉ. हरि मोहन ने विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए पर्व के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि दीपावली भगवान श्रीराम के अयोध्या आगमन का प्रतीक है। इस अवसर पर विभाग के शिक्षकों प्रो अमिता सुनेजा डंग, डॉ रश्मि और डॉ अनिल कुमार ने विद्यार्थियों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की सराहना की।



नौकरी मांगने नहीं, देने वाला बनाने पर जोर

रोहतक। कौशल आधारित शिक्षा से विद्यार्थियों में उद्यमशीलता की भावना विकसित होगी। उन्हें किताबी ज्ञान के साथ व्यावहारिक शिक्षा देकर नौकरी मांगने वाले के बजाय रोजगार देने वाला बनाया जा सकता है। यह बात जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक ने शुक्रवार को जे.पी. इंटरनेशनल स्कूल में कुशल बिजनेस चैलेंज 3.0 के तहत आयोजित एक दिवसीय अभिमुखीकरण कार्यक्रम में कही। सरकारी स्कूलों के प्राचार्यों और उच्च विद्यालयों के मुख्य अध्यापकों के लिए आयोजित कार्यक्रम में मनजीत मलिक ने कहा कि विद्यार्थियों में बिजनेस माइंडसेट विकसित करना समय की जरूरत है। इस कार्यक्रम से बच्चों को नए विचारों के साथ आगे बढ़ने, व्यावसायिक अवसरों को समझने और अपना काम शुरू करने की सोच विकसित करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने प्राचार्यों से इसे विद्यालयों में प्रभावी ढंग से लागू करवाने का आह्वान किया।इस अवसर पर एपीसी मनोज सुहाग, राजेश मलिक, डीएमएस दीपक अरोड़ा, डीआरपी सागर,और ब्लॉकों के खंड शिक्षा अधिकारी मौजूद रहे। मास्टर ट्रेनर्स विमल कुमार, नरेंद्र कुमार, सिद्धराज, राहुल और रामरतन ने प्रशिक्षण दिया। मंच संचालन पूजा शर्मा और विनोद ने किया।

सरकार ने 430 किया भाव, किसान मांग रहे 600 रुपये प्रति क्विंटल

- लागत बढ़ने के बावजूद गन्ना किसानों को राहत नहीं

रोहतक। अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा राज्य कमेटी ने गन्ने का भाव 600 रुपये प्रति क्विंटल करने की मांग उठाई है। राज्य अध्यक्ष बलबीर सिंह ने कहा कि सरकार ने चालू पेराई सत्र के लिए गन्ने का भाव 415 रुपये से बढ़ाकर 430 रुपये प्रति क्विंटल किया है। यानी किसानों को केवल 15 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी मिली है, जबकि किसान 600 रुपये भाव मांग रहे हैं।

सरकार की घोषणा और किसानों की मांग के बीच 170 रुपये प्रति क्विंटल का अंतर है। बलबीर सिंह ने कहा कि गन्ने की फसल तैयार करने में पूरा साल लगता है। इस दौरान डीजल, खाद, मजदूरी और सिंचाई पर खर्च लगातार बढ़ता है। किसानों को चीनी भी बढ़ी हुई कीमतों पर खरीदनी पड़ती है, लेकिन उनकी उपज का उचित मूल्य देने के मामले में सरकार पीछे हट रही है। 15 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी किसानों के साथ मजाक है। किसान नेता बलबीर सिंह ने कहा कि सरकार चालू पेराई सत्र के लिए 15 रुपये और अगले पेराई सत्र के लिए 20 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की घोषणा को जोड़कर पेश कर रही है। मौजूदा पेराई सत्र में किसानों को केवल 15 रुपये की बढ़ोतरी का लाभ मिलेगा।

600 रुपये से कम मंजूर नहीं, आंदोलन की चेतावनी : बलबीर सिंह ने कहा कि किसान काफी समय से गन्ने का भाव 600 रुपये प्रति क्विंटल करने की मांग कर रहे हैं। पंजाब सरकार किसानों को 68 रुपये प्रति क्विंटल सब्सिडी दे रही है। हरियाणा सरकार को भी किसानों की मांग के अनुरूप फैसला लेना चाहिए।

डॉ. जगजीत सिंह निराला को मिला फूली जागरराम जांगड़ा स्मृति साहित्य सम्मान

रोहतक। जिले के कलानौर क्षेत्र के गांव निगाना निवासी साहित्यकार, संगीतकार और समाजसेवी डॉ. जगजीत सिंह निराला को साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। उन्हें हिंदी साहित्य प्रेरक संस्था जींद की ओर से 'फूली जागरराम जांगड़ा स्मृति साहित्य सम्मान' प्रदान किया गया। यह सम्मान उन्हें शोध पुस्तक के लेखन और साहित्य, संगीत, शिक्षा व समाजसेवा के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए दिया गया। सम्मान समारोह 30 अक्टूबर को चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के हरिवंश मिड्ढा सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. रामपाल सैनी ने की, जबकि हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष कृष्णलाल मिड्ढा मुख्य अतिथि और उचाना के विधायक देवेंद्र अत्री विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। निराला चैरिटेबल संस्था कलानौर के निदेशक डॉ. सत्यबीर सिंह निराला ने बताया कि संस्था की ओर से इस वर्ष प्रदेशभर के चयनित 52 साहित्यकारों को सम्मानित किया गया। संस्था पिछले 66 वर्षों से साहित्यकारों को प्रोत्साहित करने के लिए सम्मान समारोह आयोजित कर रही है। इस बार हरियाणा के अलावा दूसरे राज्यों और विदेशों से जुड़े साहित्यकारों को भी सम्मान दिया गया।डॉ. जगजीत सिंह निराला को अब तक विभिन्न राष्ट्रीय साहित्यिक संस्थाओं की ओर से 90 से अधिक सम्मान मिल चुके हैं। उनकी इस उपलब्धि पर गांव निगाना और कलानौर क्षेत्र के लोगों ने खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी।





बिरला स्कूल में कुलपति ने दिया सफलता का मंत्र

रोहतक। विद्यालय जीवन की वह आधारशिला है, जहां से व्यक्ति के ज्ञान, चरित्र, सामाजिक सरोकार और राष्ट्रप्रेम की नींव पड़ती है। एआई के इस दौर में विद्यार्थियों को तकनीकी दक्षता के साथ सोशल और इमोशनल इंटेलिजेंस भी विकसित करनी चाहिए। यह बात महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के कुलपति प्रो. मिलाप पुनिया ने बिरला स्कूल, पिलानी के वार्षिकोत्सव 'अभिव्यक्ति-2026' में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कही। 28 अक्टूबर को आयोजित इस समारोह में बिरला स्कूल के पूर्व छात्र (बैच 1991) प्रो. मिलाप पूनियाँ ने अपने विद्यार्थी जीवन की यादें साझा करते हुए कहा कि इसी विद्यालय ने उनके शैक्षणिक जीवन को मजबूत आधार प्रदान किया। इस अवसर पर बिरला स्कूल प्रशासन ने अपने पूर्व छात्र प्रो. मिलाप पूनियाँ को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। कुलपति ने विद्यालय की वार्षिक पत्रिका 'न्यूज एंड व्यूज' का विमोचन भी किया।

एमडीयू के यूआईपीएचएस में हुआ व्याख्यान

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक हेल्थ साइंसेज (यूआईपीएचएस) में शुक्रवार को 'डिकोड-लर्न-इनोवेट' विषय पर विस्तार व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एमडीयू के सेंटर फॉर बायोइन्फॉर्मेटिक्स के प्रोफेसर एवं सेंटर फॉर इनोवेशन, इन्क्यूबेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप के निदेशक प्रो. अजीत कुमार मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने बायोइन्फॉर्मेटिक्स के महत्व, स्वयं ऑनलाइन पाठ्यक्रमों तथा नवाचार एवं उद्यमिता के अवसरों पर विद्यार्थियों को जानकारी दी। कार्यक्रम में यूआईपीएचएस के निदेशक प्रो. मुनीष गर्ग उपस्थित रहे। अतिथि का स्वागत विद्यार्थियों ने किया। कार्यक्रम का समन्वय डॉ. दीपक श्योराण और डॉ. अस्मिता अहलावत ने किया।

हरियाणा@60 थीम के साथ मनाया हरियाणा दिवस

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू), रोहतक के इतिहास एवं पुरातत्व विभाग द्वारा हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में 'हरियाणा@60' थीम के तहत विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने कविता पाठ, चित्रकला प्रदर्शनी, वाद-विवाद और रंगोली निर्माण प्रतियोगिताओं में भाग लिया। इस अवसर पर विभाग के पूर्व अध्यक्ष एवं प्रोफेसर डॉ जयवीर सिंह धनखड़ तथा डॉ. विकास पंवार ने विशेष व्याख्यान दिए। चित्रकला प्रदर्शनी में निहारिका ने प्रथम, विनीत ने द्वितीय तथा रश्मि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली निर्माण प्रतियोगिता में रजनी प्रथम, वनिता द्वितीय तथा प्रीति तृतीय स्थान पर रहीं। वाद-विवाद प्रतियोगिता में बबीता ने प्रथम, कोमल ने द्वितीय तथा आकाश और कुणाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कविता प्रतियोगिता में अर्जुन प्रथम, स्नेहा द्वितीय तथा नितेश तृतीय स्थान पर रहे।

छात्रों, महिलाओं व किसानों के साथ है आप : सुशील

रोहतक। आम आदमी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने एक नवंबर को दिल्ली में होने वाली इंडिया गठबंधन की रैली पर कहा कि इस रैली का नेतृत्व एक ऐसा व्यक्ति कर रहा है, जिससे अपनी पार्टी नहीं संभल नहीं। जो प्रदेश के गुटों को नहीं संभाल पा रहा, वो देश का क्या संभालेगा। आप प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि आम आदमी पार्टी अब इंडिया गठबंधन का हिस्सा नहीं है। आप पार्टी केवल छात्रों, महिलाओं, किसानों व बेरोजगारों के साथ है। इंडिया गठबंधन से आप पार्टी अलग हो चुकी है। डॉ. सुशील गुप्ता ने बताया कि एक नवंबर को हरियाणा दिवस के अवसर पर तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी, जो मानसरोवर पार्क से शुरू होकर आंबेडकर चौक तक जाएगी।

पटाखों पर प्रतिबंध के बाद भी जहरीली हो रही हवा

- पिछले साल दीपावली के बाद 376 तक पहुंचा था एक्यूआई, ऑनलाइन बिक्री व डिलीवरी पर रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

दिवाली पर पटाखों के प्रतिबंध के आदेश हर साल जारी होते हैं, लेकिन जमीन पर पालना पर सवाल बने रहते हैं। बिक्री और आतिशबाजी पर अंकुश नहीं लगने से त्योहार के बाद दिल्ली-एनसीआर की हवा जहरीली हो जाती है।


एआई जेनरेटेड

सवाल आदेश का नहीं, पालन का

हर साल प्रतिबंध के बावजूद पटाखों की बिक्री और दिवाली की रात आतिशबाजी की शिकायतें सामने आती हैं। प्रशासन को बाजारों और ऑनलाइन आपूर्ति पर निगरानी रखनी होगी। कार्रवाई केवल आदेशों में नहीं, जमीन पर भी दिखाई देनी चाहिए। इसके लिए नियमित जांच और जवाबदेही तय करना जरूरी है। तभी दिवाली के बाद लोगों को जहरीली हवा में सांस लेने की मजबूरी से बचाया जा सकेगा।

पटाखों के धुएं से जहरीली होती है हवा

पिछले साल दिवाली के अगले दिन रोहतक का वायु गुणवत्ता सूचकांक 376 दर्ज हुआ था, जो बहुत खराब श्रेणी में था। पटाखों का धुआं पहले से प्रदूषित हवा को और जहरीला बनाता है। ऐसे में केवल आदेश जारी करना पर्याप्त नहीं, उल्लंघन रोकने के लिए निगरानी और कार्रवाई भी जरूरी है। अब हरियाणा सरकार ने एक बार फिर एनसीआर में पटाखों के निर्माण, भंडारण, बिक्री और आतिशबाजी पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया है। चुनौती इस आदेश को जमीन पर लागू कराने की है।

पटाखों के निर्माण व भंडारण पर पूर्ण प्रतिबंध

प्रदेश के पर्यावरण, वन एवं वन्यजीव विभाग ने एनसीआर में सभी प्रकार के पटाखों के निर्माण, भंडारण, बिक्री और चलाने पर तुरंत प्रभाव से पूर्ण प्रतिबंध लगाया है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से बिक्री और घर तक डिलीवरी भी प्रतिबंधित है। आदेश पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 की धारा 5 के तहत जारी हुए हैं। उल्लंघन पर धारा 15 के तहत कानूनी कार्रवाई होगी। उपायुक्त सतबीर सिंह ने कहा कि वायु प्रदूषण रोकने तथा आमजन के स्वास्थ्य और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए प्रतिबंध लगाया गया है। हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने भी आदेशों की सख्ती से पालना के निर्देश दिए हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्रतिबंध प्रभावी ढंग से लागू कराने और उल्लंघन करने वालों पर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा है।

खबर संक्षेप

इंटर अखाड़ा प्रतियोगिता में नितेश ने जीता रजत



रोहतक। सोनीपत में शुक्रवार को इंटर अखाड़ा प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें रोहतक के मेहर सिंह अखाड़े के पहलवान नितेश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता। नितेश ने 60 किलोग्राम में रजत पदक जीता है। कोच रणबीर ढाका ने विजेता खिलाड़ी को बधाई दी। उन्होंने आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। कोच रवि, अखाड़ा संचालक मोहित मलिक, कोच रिंकू, कोच सोनू और कोच हरदीप ने भी विजेता खिलाड़ी का हौसला बढ़ाया।

विद्यार्थियों ने पुलिस लाइन का किया भ्रमण

रोहतक। संकल्प रैली के तहत रोहतक पुलिस की ओर से मॉडल संस्कृति स्कूल, अंबेडकर चौक के विद्यार्थियों को पुलिस लाइन का भ्रमण करवाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई। पुलिस कर्मचारियों ने उन्हें विभिन्न प्रकार के हथियारों के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही हथियारों के उपयोग, उनकी कार्यप्रणाली और सुरक्षा संबंधी सावधानियों से भी अवगत करवाया। वहीं, पुलिस लाइन में पुलिस कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच के लिए मेडिकल चेकअप कैंप लगाया गया।

एमडीयू में चार अधिकारी व कर्मचारी सेवानिवृत्त

रोहतक। एमडीयू में शुक्रवार को कुलपति कार्यालय के कॉन्फ्रेंस रूम में विदाई समारोह आयोजित किया गया। सेवानिवृत्त होने वालों में पर्यावरण विज्ञान विभाग की वरिष्ठ प्रोफेसर एवं निदेशक सीडीओई प्रो. राजेश धनखड़, रिजल्ट ब्रांच-तीन की डिप्टी रजिस्ट्रार सुमन बाला, यूनिवर्सिटी प्रेस की सुपरिंटेंडेंट मंजू बाला तथा बॉयज हॉस्टल नंबर-10 के असिस्टेंट विक्रम सिंह शामिल हैं।

वर्दी नहीं पहनी तो ऑटो का चालान, 10 साल पुराने मिले तो होंगे सीज

पुलिस लाइन में ऑटो चालकों की बैठक लेकर दी सख्त हिदायतें, क्षमता से अधिक सवारी बैठाने और सड़क पर वाहन खड़ा कर रास्ता रोकने वालों पर भी होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर की सड़कों पर ऑटो चलाने वाले चालकों को अब यातायात नियमों की अनदेखी करना भारी पड़ सकता है। पुलिस ने ऑटो व्यवस्था को अनुशासित करने के लिए सख्ती की तैयारी कर ली है। ट्रैफिक एसएचओ अमर कटारिया ने हिदायत देते हुए कहा कि अब बिना निर्धारित वर्दी के ऑटो चलाते पकड़े जाने पर चालक का चालान किया जाएगा। इतना ही नहीं, बिना वर्दी वाले



चालकों को डीजल भी नहीं मिलेगा। वहीं, दस साल से अधिक पुराने ऑटो सड़कों पर दौड़ते मिले तो उन्हें सीज करने की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस लाइन में आयोजित बैठक के दौरान ट्रैफिक पुलिस ने ऑटो चालकों को नियमों का पालन करने और यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। बैठक में ऑटो चालकों को स्पष्ट किया गया कि शहर में ऑटो चलाते समय निर्धारित वर्दी पहनना अनिवार्य होगा। पुलिस की ओर से इस नियम की पालना पर विशेष नजर रखी जाएगी। यदि कोई चालक बिना वर्दी के ऑटो चलाता दिखाई दिया तो उसका चालान किया जाएगा। इसके अलावा ऐसे चालकों को डीजल नहीं दिए जाने की व्यवस्था भी लागू करने की बात कही गई।

क्षमता से अधिक सवारी बैठाने पर भी कार्रवाई

ऑटो में निर्धारित क्षमता से अधिक सवारियां बैठाने वाले चालकों पर भी पुलिस कार्रवाई करेगी। चालकों को हिदायत दी गई कि वे अपने वाहन के जरूरी दस्तावेज हमेशा साथ रखें, ताकि जांच के दौरान उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो। पुलिस ने ऑटो चालकों को सड़क पर मनमाने तरीके से वाहन खड़ा करने से भी मना किया। उन्हें निर्धारित स्थान पर ही ऑटो खड़ा करने और सड़क पर जाम या यातायात बाधित करने से बचने के निर्देश दिए गए।

यातायात नियमों की अनदेखी पर रहेगी नजर

पुलिस की ओर से ऑटो चालकों को बताया गया कि यातायात नियमों का पालन करना उनकी जिम्मेदारी है। सड़क पर गलत तरीके से ऑटो खड़ा करना, क्षमता से अधिक सवारियां बैठाना और जरूरी दस्तावेजों के बिना वाहन चलाना अन्य वाहन चालकों के साथ यात्रियों के लिए भी परेशानी का कारण बन सकता है। इसलिए सभी चालक नियमों का पालन करें।

सभी चालकों को निर्धारित वर्दी पहनने के निर्देश दिए

ऑटो चालकों की बैठक लेकर उन्हें यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया है। सभी चालकों को निर्धारित वर्दी पहनने, वाहन के जरूरी दस्तावेज साथ रखने और ऑटो में क्षमता से अधिक सवारियां नहीं बैठाने के निर्देश दिए गए हैं। दस साल से अधिक पुराने ऑटो सड़क पर चलते मिले तो उन्हें सीज किया जाएगा। बिना वर्दी ऑटो चलाने पर चालान होगा और ऐसे चालकों को डीजल नहीं देने के निर्देश भी दिए गए हैं। नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। -अमर कटारिया, ट्रैफिक एसएचओ

कुलसचिव ने एजेंडा प्रस्तुत किया, 147 शोधार्थियों का पीएचडी पंजीकरण स्वीकृत

एमडीयू की 207वीं शैक्षणिक परिषद की बैठक में 80 प्रस्तावों को मंजूरी

कई मुद्दों पर चर्चा और रोजगारोन्मुखी शिक्षा को बढ़ावा देना अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू), रोहतक की शैक्षणिक परिषद की 207वीं बैठक में शुक्रवार को कई महत्वपूर्ण शैक्षणिक प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गई। कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में 80 शैक्षणिक प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया गया। शैक्षणिक परिषद ने विभिन्न विषयों एवं संकायों के 147 शोधार्थियों के पीएचडी पाठ्यक्रम में पंजीकरण को मंजूरी दी। इसके अलावा, विद्यार्थियों को व्यावहारिक अनुभव एवं कौशल विकास के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से समर इंटर्नशिप रेगुलेशंस को भी स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में सत्र 2025-26 के लिए दूरस्थ शिक्षा निदेशालय की आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन रिपोर्ट



इन प्रस्तावों को किया पारित

सशर्त पीजी प्रवेश की अनुमति: अंतिम वर्ष (5वें या 6ठे सेमेस्टर) की परीक्षा में एक री-अपीयर वाले विद्यार्थियों को स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में सशर्त प्रवेश (कंडीशनल एडमिशन) देने का बड़ा निर्णय लिया गया है।

उद्योग और अकादमिक साझेदारी (एमओयू): बैठक में एमडीयू रोहतक और एविट्री इंटेलिजेंस प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली के बीच 27 मई 2026 को तथा अकम्स ड्रग्स एंड फार्मास्युटिकल लिमिटेड, दिल्ली के बीच 29 सितंबर 2026 को हुए समझौतों (एमओयू) किया गया। इसके अलावा, एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर, रोहतक के साथ हुए समझौते को अगले 5 वर्षों के लिए (27 नवंबर 2025 से प्रभाव से) नवीनीकृत करने पर मुहर लगाई गई।

अतिरिक्त विषय की परीक्षा देने का रास्ता साफ: बैठक में बीएससी विद्यार्थियों को अतिरिक्त प्रैक्टिकल विषय की परीक्षा देने की सुविधा से संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इसके लिए जनरल रूल्स फॉर एग्जामिनेशन के क्लॉज-31 में संशोधन का विषय शामिल था। इस फैसले से संबंधित विद्यार्थियों को अतिरिक्त विषय की परीक्षा देने का अवसर मिल सकेगा। हालांकि, सुविधा का लाभ लागू नियमों और निर्धारित शर्तों के अनुसार मिलेगा।

(आईक्यूएआर) को मंजूरी दी गई। इसके साथ ही विभिन्न पाठ्यक्रमों की परीक्षा योजनाओं एवं पाठ्यक्रम (सिलेबस) को भी स्वीकृति प्रदान की गई। कुलसचिव प्रो. संदीप बंसल ने बैठक का एजेंडा प्रस्तुत किया। इस अवसर पर डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. रणदीप राणा समेत शैक्षणिक परिषद के सदस्य उपस्थित रहे।

कई नियमों में किया संशोधन

री-इवैल्यूएशन नियमों में संशोधन: विद्यार्थियों की उत्तर पुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन यानी री-इवैल्यूएशन से संबंधित अध्यादेश में संशोधन और सुधारों को भी बैठक में मंजूरी दी गई। इससे पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया को लेकर नियमों में बदलाव का रास्ता खुला है। नए प्रावधानों का वास्तविक प्रभाव संशोधित नियमों और उनके लागू होने की तारीख पर निर्भर करेगा। इंटर्नशिप और अप्रेंटिसशिप कार्यक्रमों को मंजूरी: एमडीयू इंटर्नशिप रेगुलेशन-2025 में संशोधन और नियमों में लचीलापन लाने से संबंधित एजेंडा भी विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण रहा। इसके साथ ही यूजीसी की गाइडलाइन के अनुरूप अप्रेंटिसशिप एम्बेडेड डिग्री प्रोग्राम (एईडीपी) से जुड़े प्रस्ताव पर भी निर्णय लिया गया। इन प्रावधानों का उद्देश्य पढ़ाई के साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण और रोजगारोन्मुखी शिक्षा को बढ़ावा देना है।

एनईपी-2020 के तहत परीक्षा योजनाओं में बदलाव: बैठक में नई शिक्षा नीति-2020 के तहत सत्र 2026-27 से विभिन्न पाठ्यक्रमों की परीक्षा योजनाओं में संशोधन संबंधी प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इनमें इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलॉजी, गणित एवं कंप्यूटेशनल साइंस, फिजिकल साइंस और फार्मेसी सहित विभिन्न संकायों के विषय शामिल हैं। बीटेक और एमटेक जैसे पाठ्यक्रमों की परीक्षा योजनाओं से जुड़े प्रस्ताव भी एजेंडे का हिस्सा थे। बीएससी के विषय संयोजन और माइनर पेपर पर निर्णय: बीएससी लाइफ साइंस मल्टीडिसिप्लिनरी कार्यक्रम में विषय संयोजन तथा छठे सेमेस्टर के केमिस्ट्री माइनर पेपर को लेकर स्पष्टीकरण से जुड़े मुद्दे भी बैठक में रखे गए। इसके अलावा फार्मेसी साइंस में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) सर्टिफिकेट कोर्स में दाखिले की पात्रता पर भी चर्चा की गई।

गलत मार्किंग के मामले में कार्रवाई को मंजूरी: बीए मल्टीडिसिप्लिनरी के दूसरे सेमेस्टर की मई 2025 की परीक्षाओं में कुछ विद्यार्थियों के अंक गलत दर्ज करने के मामले में भी महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। एजेंडे में संबंधित मूल्यांकनकर्ता और चेकिंग असिस्टेंट के खिलाफ कार्रवाई का प्रस्ताव शामिल था।

न्यूज डायरी

द मॉडर्न स्कूल में पॉक्सो एक्ट पर किया जागरूक




रोहतक। द मॉडर्न पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों की सुरक्षा एवं जागरूकता के उद्देश्य से पॉक्सो एक्ट पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. तरुमन खान, चीफ जुडिशियल मजिस्ट्रेट, डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी, रोहतक ने विद्यार्थियों को पॉक्सो एक्ट, बच्चों के अधिकारों एवं व्यक्तिगत सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी। विद्यालय के मैनेजमेंट जतिन सिक्का एवं मानिक सिक्का तथा प्रिंसिपल राज यादव ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों की सुरक्षा और उन्हें जागरूक बनाना विद्यालय की प्राथमिक जिम्मेदारियों में से एक है।

वॉलीबॉल प्रतियोगिता में हार्मनी हाउस अव्वल



रोहतक। शीतल स्पोर्ट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में हार्मनी हाउस ने प्रथम तथा जस्टिस हाउस ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल हुड्डा एवं निदेशिका नेहा उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा खेल भावना, अनुशासन और टीमवर्क को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया।

नेकीराम कॉलेज में डॉक्यूमेंट्री बनाने वाले सम्मानित




रोहतक। पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय में शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित विशेष कार्यक्रम के दौरान बीसीए विभाग के छात्र चेतन और हिमांशु को प्रशंसा प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य प्रोफेसर सुरेंद्र सांगवान ने दोनों छात्रों को यह सम्मान प्रदान किया। उन्होंने सराहना करते हुए कहा कि चेतन और हिमांशु ने अपनी तकनीकी दक्षता व रचनात्मकता के माध्यम से कॉलेज के गौरवशाली इतिहास और विकास यात्रा को डॉक्यूमेंट्री में बहुत ही सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया है, जो महाविद्यालय के लिए एक ऐतिहासिक धरोहर बनेगी।

दुहन स्कूल में धूमधाम से मनाया हरियाणा दिवस



रोहतक। दुहन पब्लिक स्कूल, जसिया में हरियाणा दिवस बड़े उत्साह, उमंग एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विशेष प्रार्थना सभा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को हरियाणा की गौरवशाली संस्कृति, समृद्ध परंपराओं, ऐतिहासिक विरासत और उपलब्धियों से परिचित कराना रहा। प्रधानाचार्या अनु राणा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा केवल अपनी वीरता और खेल प्रतिभा के लिए ही नहीं, बल्कि अपनी समृद्ध संस्कृति, परंपराओं और मेहनतकश लोगों के लिए भी विशेष पहचान रखता है। चेयरमैन डॉ. अशोक दुहन, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. सुनीता दुहन, सचिव संतोष मलिक एवं मीना मलिक ने सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को हरियाणा दिवस की शुभकामनाएँ दीं।

नेशनल जूनियर एथलेटिक्स के विजेताओं का स्वागत



रोहतक। चेन्नई के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित 41वीं नेशनल जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हिसार जिले के एथलीटों ने 3 स्वर्ण, 4 रजत और 1 कांस्य सहित कुल 8 पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है। पदक विजेताओं का गांव खरक पूनिया पहुंचने पर ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया गया। एथलेटिक्स हरियाणा के अध्यक्ष दिलबाग सिंह और महासचिव प्रदीप मलिक ने खिलाड़ियों को बधाई दी। प्रतियोगिता में सोनम (400मी हर्डल्स), ओशीन (डिस्कस थ्रो) और हितेश (1500मी) ने स्वर्ण पदक जीता। वहीं गुंगुन दलाल, महक श्योराण, ईशु ने रजत और मनीष कुमार ने कांस्य पदक हासिल किया। खेल मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ और ग्रीवेंस कमेटी सदस्य राजकुमार मिटान ने कहा कि खिलाड़ियों के इस कठिन परिश्रम और उत्कृष्ट प्रदर्शन पर पूरे हरियाणा को गर्व है।

बीएमयू में रिहैब साइकोकॉन-2026 का शुभारंभ



रोहतक। एसोसिएशन ऑफ रिहैबिलिटेशन साइकोलॉजिस्ट्स-इंडिया (एआरपीआई) की ओर से बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय तथा स्टेट इंस्टीट्यूट फॉर रिहैबिलिटेशन ट्रेनिंग एंड रिसर्च (सिरतार) के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को दो दिवसीय राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस 'रिहैब साइकोकॉन-2026' का भव्य आगाज हुआ। एमडीयू की सेंटर फॉर डिसेबिलिटी स्टडीज की निदेशक प्रो. प्रतिमा देवी मुख्य अतिथि और लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज के प्रो. ओम साई रमेश विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। बीएमयू के रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार ने कहा कि पुनर्वास का उद्देश्य विशेष जरूरतों वाले व्यक्तियों को आत्मनिर्भर बनाना है। इस दौरान बाल एवं विकासात्मक पुनर्वास, मानसिक स्वास्थ्य, न्यूरो रिहैबिलिटेशन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और दिव्यांग जनों के सामाजिक समावेश जैसे अहम विषयों पर मंथन किया गया।



एमडीयू के पत्रकारिता एवं सांख्यिकी विभागों में मनाया दीपावली उत्सव, फ्रेशर को दी पार्टी

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग तथा सांख्यिकी एवं डेटा साइंस विभाग में शुक्रवार को दीपावली उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सांख्यिकी एवं डेटा साइंस विभाग में दीपावली समारोह के साथ फ्रेशर पार्टी का भी आयोजन किया गया। सांख्यिकी एवं डेटा साइंस विभाग में फैकल्टी ऑफ मैथमेटिकल एंड कंप्यूटेशनल साइंसेज के डीन एवं विभागाध्यक्ष प्रो. राजीव कुमार ने नवागंतुक विद्यार्थियों का स्वागत किया। उन्होंने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं भी दीं। कार्यक्रम में डॉ. जगबीर अहलावत, डॉ. अमरिंदर कौर, डॉ. अजय शर्मा, डॉ. विपिन बाला, डॉ. संजू, डॉ. पूरण राठी, अनिल कुमार, गगन और जगमिंदर सहित शिक्षक, शोधार्थी तथा स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विभाग के डॉ. बेनुल तोमर, सुनित मुखर्जी और डॉ. नवीन कुमार ने विद्यार्थियों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

पीएचडी फीस वृद्धि के विरोध में इनसो का प्रदर्शन



रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एम.डी.यू.) में आयोजित अकादमिक काउंसिल की बैठक से पहले इनसो प्रदेश अध्यक्ष दीपक मलिक के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय प्रशासन की छात्र विरोधी नीतियों के खिलाफ करीब एक घंटे तक जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने विशेष रूप से पी.एच.डी. फीस में भारी बढ़ोतरी, एस.एफ.एस. के तहत फीस दोगुनी-तिगुनी करने और प्रतिवर्ष 10 प्रतिशत फीस वृद्धि के नियम को तुरंत वापस लेने तथा सभी शोधार्थियों के लिए समान फीस व्यवस्था लागू करने की मांग की।

सीएम ने हिमांशु नांदल, रिंकू हुड्डा, कर्मज्योति राकेश, हनी और सुखचैन को सम्मानित किया

रोहतक। एशियन और पैरा एशियन खेलों में पदक विजेता 125 खिलाड़ियों पर दिवाली से पहले 189 करोड़ की धन वर्षा हुई। भीम स्टेडियम में खिलाड़ियों के सम्मान में आयोजित समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपने हाथों से खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार राशि के चेक वितरित किए वहीं खिलाड़ियों और खेलों को प्रोत्साहन के लिए हरियाणा सरकार की नई खेल नीति का नतीजा बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भिवानी मिनी क्यूबा, खेल हब के साथ धार्मिक नगरी छोटी काशी भी है। ऐसे में यहां से तैयार होने वाले खिलाड़ियों के पीछे परिवार और खेल प्रशिक्षकों की कड़ी तपस्या और मेहनत है। मुख्यमंत्री ने रोहतक के हिमांशु नांदल, रिंकू हुड्डा, कर्मज्योति, राकेश, हनी और सुखचैन को सम्मानित किया।



रोहतक। हिमांशु को बधाई देते मुख्यमंत्री।



कोच सुनील फोगाट के साथ हनी और सुखचैन

डॉ. मोहित का दिल्ली ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन कमेटी में निर्वाचन



रोहतक। पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विवि के डिप्टी मेडिकल सुपरिटेंडेंट एवं ऑर्थोपेडिक्स विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत डॉ. मोहित दुआ को दिल्ली ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन (डीओए) की एग्जीक्यूटिव कमेटी का सदस्य निर्वाचित किया गया है। चुनाव में डॉ. मोहित दुआ ने सभी श्रेणियों में सर्वाधिक 840 वोट प्राप्त किए हैं। डॉ. दुआ ने बताया कि पीजीआईएमएस के 50 वर्ष से अधिक के इतिहास में यह पहला अवसर है जब संस्थान के किसी चिकित्सक को डीओए की एग्जीक्यूटिव कमेटी में प्रतिनिधित्व मिला है। डॉ. मोहित दुआ ने बताया कि दिल्ली ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन देश की प्रतिष्ठित ऑर्थोपेडिक संस्थाओं में से एक है, जिसकी स्थापना 1970 के दशक में हुई थी। डॉ. मोहित की इस उपलब्धि पर कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने कहा कि डॉ. मोहित दुआ ने अपनी मेहनत और उत्कृष्ट कार्य से विवि का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। उनका सर्वाधिक मतों से निर्वाचित होना गौरव का विषय है। कुलसचिव डॉ. रूप सिंह ने कहा कि डॉ. दुआ एक कुशल प्रशासक और बेहतरीन सर्जन हैं और उनकी यह उपलब्धि युवा चिकित्सकों के लिए प्रेरणा है।

सुनीता दांगी ने छात्राओं को सिखाए आत्मरक्षा के गुर

महम। राजकीय महाविद्यालय महम में महिला प्रकोष्ठ द्वारा छात्राओं की साप्ताहिक कार्यशाला लगाई गई थी। शुक्रवार को कार्यशाला का समापन किया गया। समापन अवसर पर हरियाणा महिला विकास निगम की चेयरपर्सन एवं राष्ट्रीय स्तर की जूडो कोच सुनीता दांगी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुईं। कार्यशाला के दौरान सुनीता दांगी ने छात्राओं को आत्मरक्षा की विभिन्न तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया तथा महिला सशक्तीकरण, आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता और महिला सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से अपने विचार रखे। उन्होंने छात्राओं को विपरीत परिस्थितियों में साहस एवं सूझबूझ से काम लेने, अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और जीवन में बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित किया। सुनीता दांगी ने कहा कि प्रत्येक बेटी को शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनना चाहिए तथा आत्मरक्षा का ज्ञान उसके आत्मविश्वास का महत्वपूर्ण आधार है। सुनीता दांगी ने शिक्षा, खेल और आत्मरक्षा के माध्यम से बेटियों को आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया।



महम। आत्मरक्षा के गुर सिखातीं महिला विकास निगम की चेयरपर्सन सुनीता दांगी।

सूचना

मैं, नवाब सिंह पुत्र श्री बनी सिंह निवासी फरमाना खास, हाल आबाद वार्ड नंबर-14, वॉटर वर्क्स के पास, तहसील महम, जिला रोहतक बयान करता हूं कि मेरा पुत्र नवदीप मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

समाजसेवा से जुड़कर दूसरी पारी शुरू करें रिटायर्ड कर्मी

पीजीआईएमएस से एक चिकित्सक और पांच कर्मी हुए सेवानिवृत्त

कर्मचारियों से बढ़ता है संस्थान : कुलपति

आप बिना किसी कंट्रोवर्सी और अच्छी सेहत के रिटायर हो रहे हैं, ये बहुत अच्छी बात है : डॉ. आत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय में सेवानिवृत्त हो रहे एक चिकित्सक व 5 कर्मचारियों के लिए गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कुलपति कार्यालय स्थित स्वर्ण जयंति सभागार में संस्थान ने अपने इन कर्मयोगियों की सेवाओं को याद कर उन्हें भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर सेवानिवृत्त



हुए डॉ. शशि बाला, पीआरओ सीमा दहिया, एसएनओ सुशीला, एसएनओ बिमला, एमपीएचएस शकुंतला देवी और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी रमेश को भावभीनी विदाई दी गई। समारोह में कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने सभी सेवानिवृत्त हुई डॉक्टर व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी का आभार, आपने इतनी अच्छी सेवाएं दीं। संस्थान कर्मचारियों की वजह से ही ग्रोथ करती है। अच्छे स्वास्थ्य के साथ रिटायर होना सौभाग्य की बात है। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि संस्थान ने जो भी जिम्मेदारी दी है, उसको आपने बखूबी निभाया है। अब समाज सेवा के लिए जुड़ें, ये आपकी सेकंड इनिंग्स है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुधीर आत्री ने कहा कि आप बिना किसी कंट्रोवर्सी और अच्छी सेहत के रिटायर हो रहे हैं, ये बहुत अच्छी बात है।

भविष्य में भी कार्य के लिए संस्थान के दरवाजे खुले

कुलसचिव डॉ. रूप सिंह ने कहा कि रिटायरमेंट एक दिन सभी को होना है। आपके सहयोग से डिपार्टमेंट को और प्रदेश को कितना फायदा हुआ है, ये हम सब जानते हैं। कभी भी कोई भी जरूरत हो, ये आपका घर है। भविष्य में कोई भी कार्य पडने पर संस्थान में आपके लिए दरवाजे खुले हैं। डीन एकेडमिक अफेयर्स डॉ. एम. जी. वशिष्ठ ने भावुक होते हुए कहा कि डॉ. शशि बाला और उन्होंने एक ही वर्ष में एमबीबीएस और बीडीएस में दाखिला लिया था। डीन डॉ. अशोक चौहान ने कहा कि घर सिर्फ ईंट और दीवारों से नहीं बनता, वहां के रहने वालों से बनता है। इसी तरह संस्थान भी कर्मचारियों से बढ़ता है। डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. सविता सिंघल ने कहा कि आप सभी को बधाई, आप सभी का संस्थान में अतुलनीय योगदान रहा है।

2 ब्रांच
Puneet Ornaments House
Jitender (Jitu) M. 9812535660
Wholesaler of:
All Kinds of Silver & Gold Hall Mark Jewellery
Baba Wali Gali, Railway Road, Rohtak-124001
Ph. 01262-269970
Puneet Jewellers
All Kinds of Gold, Diamond & Silver Hall Mark Jewellery
Himanshu M. 7404222221 | Puneet M. 9992201897
Railway Road, Rohtak-124001

Elenta Mart
A PERFECT HYPERMARKET

ON SHOPPING OF ₹6999 & ABOVE
2KG
FREE
*T&C APPLY
Only one offer can be claimed per bill.

DIWALI DHAMAKA SALE

31 Oct to 08 Nov

ON SHOPPING OF ₹1999 & ABOVE
1LTR
FREE
*T&C APPLY
Only one offer can be claimed per bill.

ROHTAK | SAMPLA

FLAT 25% OFF
REAL FRUIT JUICE GREETINGS - GIFT PACK AND MORE.

BUY 1 GET 1
MCVITIE'S GIFT PACK- NUTRAJ DRY FRUITS& MORE.

BUY 1 GET 1
BTW - SOAN PAPDI - PISTA - RASGULLA

UPTO 66% OFF
FRESCA JUICE - CELEBRATING SATMOLA RASGULLA - SOAN PAPDI

BUY 1 GET 1
MANIA CELEBRATION GIFTS

BUY 1 GET 1
UNIBIC / MOHANS GIFT PACK - COOKIES - BISCUITS - CHOCOLATE & MORE.

BUY 1 GET 1
HALDIRAM'S BESAN LADOO & PANJEERI LADOO

UPTO 50% OFF
CELLO GLASS - BOTTLES - MR.COOK HOME APPLIANCES

UPTO 40% OFF
LUMINARC/ROXX CROCKERY AND GLASSWARE

UPTO 50% OFF
RICH CRAFT CROCKERY

UPTO 40% OFF
ARCH FAB BED SHEETS - TOWEL

UPTO 50% OFF
MILTON MAYUR - WATER BOTTLES - TIFFEN AND MORE

Rohtak, Bus Stand
Bus Stand Rd, adjacent to D2M Hotel, near New, Vikas Nagar, Rohtak
Contact: +91-8199999480

Rohtak, Model Town
NEAR APEX HOSPITAL
Model Town, Rohtak
Contact: +91-9350999480

Sampla
Elenta Mart,Old Delhi Road, Opposite Beri Mod, Sampla.
Contact: +91-8930062800

Offers and prices may vary from branch to branch.
PRICES ARE SUBJECT TO CHANGE WITHOUT PRIOR NOTICE.

FOLLOW US ON :
elenta_mart
elenta mart

*T & C. APPLY
*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST* STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME *ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET *PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHERBESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA, SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS.
*All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.